भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
राज्य सभा
मौखिक प्रश्न संख्या : 382
सोमवार, 30 मार्च, 2026 (9 चैत्र 1948 (शक)) को दिया जाने वाला उत्तर

उत्तराखंड के गोचर और चिन्यालीसौड़ में हवाई अड्डे

***382. श्री महेंद्र भट्टः**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) उत्तराखंड सरकार द्वारा गोचर और चिन्यालीसौड़ में प्रस्तावित नए हवाई अड्डों के संबंध में क्या सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गई है; और

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्री (श्री किंजरापु राममोहन नायडू)

(क) और (ख): विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

"उत्तराखंड के गोचर और चिन्यालीसौड़ में हवाई अड्डे" के संबंध में श्री महेंद्र भट्ट द्वारा पूछे गए दिनांक 30.03.2026 के राज्य सभा मौखिक प्रश्न संख्या 382 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित विवरण

(क) और (ख): भारत सरकार (जीओआई) ने देश में नए ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों के विकास के लिए ग्रीनफील्ड हवाईअड्डा (जीएफए) नीति, 2008 तैयार की है। इस नीति के अनुसार, यदि राज्य सरकार सहित कोई भी हवाईअड्डा विकासकर्ता हवाईअड्डे का विकास करना चाहता है, तो उसे एक उपयुक्त स्थल की पहचान करनी होगी और पूर्व-व्यवहार्यता अध्ययन आयोजित कराना होगा तथा 'साइट क्लीयरेंस' के लिए केंद्र सरकार के समक्ष प्रस्ताव प्रस्तुत करना होगा, जिसके पश्चात 'सैद्धांतिक' अनुमोदन प्रदान किया जाएगा।

जीएफए नीति के तहत उत्तराखंड में गौचर और चिन्यालीसौड़ में ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे के विकास के लिए 'साइट क्लीयरेंस' का कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

क्षेत्रीय संपर्क योजना (आरसीएस)-उड़े देश का आम नागरिक (उड़ान) के तहत, पर्वतीय क्षेत्रों में हवाई यात्रा का विस्तार करने के लिए हेलीकॉप्टर परिचालन हेतु गौचर और चिन्यालीसौड़ में हेलीपैड विकसित किए गए हैं, जिसमें क्रमशः 2.76 करोड़ रुपये और 8.21 करोड़ रुपये का खर्च आया है, जिन्हें दिनांक 08.02.2020 को प्रचालनरत किया गया था।

*****